

## रणधीर बोले– मुझे तो पिटवाएंगे ही, खुद भी पिट जाओगे

द कपिल शर्मा शो में कुछ हफ्ते पहले ऐक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने पापा रणधीर कपूर के साथ शिरकत की थी। उस एपिसोड को काफी पसंद किया गया था। अब कपिल ने उस एपिसोड का एक अनसेंसर्ड वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया है। वीडियो में जहां रणधीर और करिश्मा ने कपूर खानदान से जुड़ी कई मजेदार बातें शेयर कीं। रणधीर कपूर ने बताया कि उनके पिता राज कपूर ने म्यूजिक की कोई फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं ली थी, बावजूद इसके वह लगभग हर इंस्ट्रूमेंट बजा लेते थे। रणधीर कपूर के इस खुलासे पर कपिल शर्मा ने उनसे एक गाना गाने की रिक्वेस्ट की। लेकिन इस पर रणधीर ने जो जवाब दिया, उसे सुनकर कपिल की बोलती बंद हो गई। कपिल शर्मा ने रणधीर कपूर से जब कहा कि वह किसी गाने की कुछ लाइनें गाकर सुनाएं तो ऐक्टर ने पूछा, श्ये लास्ट शो है क्या? आप इसके बाद और शो नहीं कर रहे? इसके बाद रणधीर कपूर ने आगे कहा, मुझे तो पिटवाएंगे ही, खुद भी पिट जाओगे भाई। थोड़ी–बहुत मेरी रोजी–रोटी चल रही है, वो चलने दो। बाद में जब अर्चना पूरन सिंह ने रणधीर कपूर से बबीता संग उनकी शादी को लेकर सवाल किया। अर्चना ने पूछा कि आखिर उन्होंने बबीता को कैसे प्रपोज किया था? तो रणधीर ने कहा कि उनकी फैमिली ने उन्हें चांस ही नहीं दिया।

## शाहरुख खान के जन्मदिन पर मलाइका ने मचाया छैंया छैंया

शाहरुख खान 2 नवंबर को अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस मौके पर दुनियाभर के फैन्स शाहरुख को बर्थडे की बधाई दे रही हैं। बॉलिवुड के लोग भी शाहरुख को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर मलाइका अरोड़ा ने भी बेहद खूबसूरत पुरानी तस्वीरों की यादों के साथ शाहरुख खान को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शाहरुख के साथ की 2 पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। अपनी पोस्ट में मलाइका ने लिखा, 23 साल पहले मैं एक फैन गर्ल थी और अभी भी हूं। मैं आपको इतने सालों से देख रही हूं और जिस तरह आप खुद को दिखाते हैं वह न केवल खुशी देता है बल्कि प्रेरणादायक भी है। आप अपने आसपास के लोगों का हर दिन और हर साल बेहतर बनाने के लिए जितनी मेहनत करते हैं वह कमाल है। इस साल यह दिन और ज्यादा खास है। यह दिन और स्वीट है और उम्मीद करती हूं कि आप जैसा डिजर्व करते हैं वैसे ही बने रहेंगे। अभी और हमेशा। हैपी बर्थडे शाहरुख खान।

## एसी भी नहीं चलाता, घर में सोफे पर पड़े रहते हैं सलमान खान



महेश मांजरेकर ने भाई और दोस्त सलमान खान की लाइफ से जुड़े कुछ दिलचस्प राज खोले और बताया कि वह बिना एसी चलाए घर में एक सोफे पर सोते हैं। महेश ने आगे सलमान की शादी को लेकर भी बात की। यह आदमी इतना सक्सेसफुल है। इतना सक्सेस है इसके पास, लेकिन उसके पीछे जो आदमी है, वो एकदम टिपिकल मिडल क्लास आदमी है। सलमान खान के बारे में ऐक्टर और डायरेक्टर महेश मांजरेकर की यही सोच है। महेश मांजरेकर जो सलमान को भाई मानते हैं, उन्होंने हाल ही ऐक्टर के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की और कहा कि उन्हें लगता है सलमान को शादी कर लेनी चाहिए। बाहर से भले ही वह खुद को बेहद खुश दिखाते हैं पर अंदर से अकेले हैं। साथ ही महेश मांजरेकर ने सलमान खान के लाइफस्टाइल के बारे में भी बात की और बताया कि वह घर पर किस तरह रहते हैं। महेश मांजरेकर ने सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में इस बात पर हैरानी जताई कि इतने बड़े स्टार होते हुए भी सलमान एक आम सी जिंदगी जीते हैं और एक बेडरूम के फ्लैट में रहते हैं।

# खूब पढ़ी–लिखी हैं शाहरुख खान की बहन शहनाज

*शाहरुख खान ने बॉलिवुड में अपने दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। शाहरुख ने अपनी ऐक्टिंग से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया कि फैन्स उनकी तकलीफ में उनके साथ खड़े हो जाते हैं। शाहरुख की फैमिली की बात करें तो वाइफ गौरी, बेटे आर्यन, अबराम और सुहाना भी खूब चर्चा में रहते हैं। हालांकि, उनकी फैमिली में एक सदस्य ऐसा है, जिनकी चर्चा नहीं के बराबर होती है और वह हैं उनकी बहन शहनाज, जो लाइमलाइट से कोसों दूर हैं और इसकी वजह भी काफी दर्दनाक है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शहनाज का पूरा नाम शहनाज लालारुख है। हाल ही में आर्यन जब जेल से घर लौटे थे तब शाहरुख खान के घर के बाहर शहनाज भी नजर आईं। हालांकि, शहनाज जिस हाल में इस तस्वीर में नजर आ रही हैं वह चिंताजनक है। दरअसल शहनाज डिप्रेशन के लंबे दौर से गुजरी हैं, जिसका जिक्र शाहरुख खान ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में भी किया था।

**शहनाज कितनी ज्यादा पढ़ी–लिखी है**

शाहरुख ने अपने इसी इंटरव्यू में यह भी बताया था कि उनकी बहन शहनाज कितनी ज्यादा पढ़ी–लिखी हैं, लेकिन एक सदमे ने उन्हें किस तरह बर्बाद कर दिया। शाहरुख ने यह किस्सा सुनाते हुए बताया था कि पैरेंट्स के गुजर जाने के बाद वह और उनकी बहन शहनाज की क्या हालत हो गई थी और उस दर्द से उनकी बहन कभी वापस नहीं लौट सकीं।

**शहनाज शॉक में चली गई थीं**

शाहरुख के इस इंटरव्यू का वीडियो उनके फैन क्लब से शेयर किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद कैसे शहनाज शॉक में चली गई थीं। उन्होंने कहा था, मुझे याद है कि मेरी बहन बिल्कुल सीधी खड़ी रह गई थी। वो हिन्दी में पार्थिव शरीर करते हैं न? पापा की डेड बॉडी देखकर बस वह देखती ही रही, न वो रो रही थी, न कुछ कह रही थी और बस गिर पड़ीं और उनका सिर जमीन से जाकर लगा।



शाहरुख ने यह भी बताया कि दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे की शूटिंग के दौरान शहनाज बीमार पड़ीं और उन्हें हॉस्पिटलाइज करना पड़ा था। डॉक्टर ने उन्हें यहां तक बताया कि वह अब नहीं बच पाएंगी। शाहरुख खान ने बताया कि वह अपनी बहन को स्विट्जरलैंड लेकर गए थे और वहां उनका इलाज करवाया। एक तरफ बहन का इलाज चल रहा था वहीं दूसरी ओर शाहरुख खान इस फिल्म का रोमांटिक सॉन्ग तुझे देखा तो ये जाना सनम शूट कर रहे थे। हालांकि, शहनाज अपने माता–पिता के जाने का गम भुला नहीं पाईं और यह दर्द उनपर हावी होता रहा। शाहरुख ने बताया था कि यह तकलीफ और बढ़ गई जब 10 साल मां भी चल बसीं।

**डिप्रेशन से बचने के लिए ऐक्टिंग करते थे**

शाहरुख खान ने अपनी बाहन शहनाज के बारे में बातें करते हुए कहा था, शहनाज काफी ज्यादा पढ़ी–लिखी हैं और इंटेलिजेंट भी खूब थीं, लेकिन वह अपने पैरेंट्स को खोने का सच कुबूल नहीं कर सकीं। शाहरुख ने यह भी बताया था कि उन्होंने इस दर्द से खुद को उबारने के लिए झूठा साहस, सेंस ऑफ ह्यूमर पब्लिक के सामने दिखाते रहे, जबकि वह खुद भी उसी तकलीफ से गुजर रहे थे। वह डिप्रेशन से बचने के लिए ऐक्टिंग करते थे।

# सारा अली खान का अमृता सिंह और सैफ के रिश्ते पर खुलासा

*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस सारा अली खान केवल अपनी फिल्मों नहीं बल्कि अपने बेबाकी के लिए भी चर्चा में रहती हैं। सारा अपने परिवार और फैमिली लाइफ के बार में भी खुलकर बात करती हैं। वह कई बार अपने पैरेंट्स सैफ अली खान और अमृता सिंह के रिलेशन पर भी बात कर चुकी हैं। एक हालिया इंटरव्यू में सारा ने बताया है कि उनके माता–पिता जब साथ में रहते थे तो एक–दूसरे से काफी नाखुश रहते थे।*



सारा ने एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं हमेशा से कम उम्र में ही मैच्योर होने वालों में से रही हूं। जब मैं केवल 9 साल की थी तब मैं इस बात को महसूस कर सकती थी कि मेरे पैरेंट्स साथ रहकर खुश नहीं हैं। दोनों अलग होने के बाद काफी खुश रहने लगे थे। जैसे कि मेरी मां शायद 10 साल से हंसी नहीं होंगी मगर अचानक वह बेहद खुश रहने लगीं और खूबसूरत दिखने लगीं। और अगर मेरे पैरेंट्स अलग रहकर खुश हैं तो मैं क्यों नाखुश होने लगी? मुझे नहीं लगता है कि इसमें कुछ भी कठिन था।

सारा ने आगे कहा, अब वे दोनों पहले से बहुत पॉजिटिव और खुश हैं। मैं अपने मां को हंसते, मजाक करते हुए देख सकती हूं जिसे मैंने काफी दिनों तक मिस किया था। मां को दोबारा ऐसे देखने पर बहुत सुकून मिलता है। इससे पहले भी एक इंटरव्यू में सार ने कहा था कि उनकी मां अमृता और पिता सैफ अली खान का अलग होना एक सही समय पर लिया गया सही फैसला था। बता दें कि सैफ अली खान और सारा अली खान की शादी 1991 में हुई थी। उनके दो बच्चे सारा अली खान और इब्राहिम अली खान है। यह शादी बहुत ज्यादा लंबी नहीं चली और 2004 में दोनों का तलाक हो गया। बाद में सैफ ने करीना कपूर से शादी कर ली और उनके दो बेटे तैमूर और जहांगीर हैं। सारा और इब्राहिम की करीना से भी काफी अच्छी बॉन्डिंग है और वह करीना के बच्चों को बेहद प्यार करते हैं।